भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(युवा कार्यक्रम विभाग)
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1326**
उत्तर देने की तारीख 27 जुलाई, 2026
5 श्रावण, 1948 (शक)

# बिजनौर में प्रतिभाशाली खिलाड़ी

**1326. श्री चंदन चौहान:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि बिजनौर में बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के प्रशिक्षण केंद्र के अभाव के कारण वे गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण और आधुनिक खेल सुविधाएं प्राप्त करने में असमर्थ हैं;

(ख) क्या सरकार ने बिजनौर में भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की आवश्यकता का आकलन किया है;

(ग) क्या सरकार का पश्चिमी उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से बिजनौर में भारतीय खेल प्राधिकरण का प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में प्रस्तावित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) से (घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करके तथा उनके पोषण सहित खेल अवसंरचना के विकास तथा खेलों के संवर्धन का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र की सरकारों का है। केंद्र सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही स्कीमों एवं पहलों सहित विभिन्न स्कीमों और पहलों के माध्यम से उनके प्रयासों की पूर्ति करती है।

वर्तमान में, उत्तर प्रदेश के बिजनौर में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) का नया प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित करने का कोई प्रस्ताव मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है। तथापि, बिजनौर तथा उत्तर प्रदेश

के अन्य भागों के खिलाड़ी उत्तर प्रदेश में भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) तथा खेलो इंडिया के अंतर्गत संचालित वर्तमान प्रशिक्षण केन्द्रों में उपलब्ध प्रशिक्षण एवं खेल सुविधाओं का लाभ उठा सकते हैं। इन केन्द्रों का विवरण युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय की वेबसाइट पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

*****